Daily Current Affairs 15 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 14 नवंबर को मनाया गया विश्व मधुमेह दिवस
• प्रतिवर्ष 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड डायबिटीज डे पहली बार साल 1991 में मनाया गया था। इसकी घोषणा अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ (IDF) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की थी।
• यह एक गैर-संचारी रोग है जिसका कारण अग्न्याशय द्वारा पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करना अथवा शरीर द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाना है। इसके दो प्रकार हैं: टाइप-1 मधुमेह और टाइप-2 मधुमेह।टाइप-2 मधुमेह का मुख्य कारण मोटापा और व्यायाम की कमी है। भारत में मधुमेह एक बढ़ती हुई चुनौती है, जिसकी अनुमानित 8.7% आबादी 20 और 70 वर्ष के आयु वर्ग की है।

2. गौरव द्विवेदी बनें प्रसार भारती के नए सीईओ
• 14 नवंबर, 2022 को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी गौरव द्विवेदी को सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ कैडर के 1995 बैच के अधिकारी द्विवेदी का पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच साल का कार्यकाल होगा। शशि शेखर वेम्पति 2017 से 2022 तक प्रसार भारती के सीईओ थे।

3. कावेरी दक्षिण वन्यजीव अभयारण्य को तमिलनाडु का 17वाँ वन्यजीव अभयारण्य अधिसूचित किया गया
• हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने 68,640 हेक्टेयर में फैले कावेरी दक्षिण वन्यजीव अभयारण्य को राज्य के 17वें वन्यजीव अभयारण्य रूप में अधिसूचित किया है। राज्य सरकार ने पहले काज़ुवेली पक्षी अभयारण्य, नंजारायण पक्षी अभयारण्य, कदवुर स्लेंडर लोरिस अभयारण्य और डुगोंग संरक्षण रिजर्व को अधिसूचित किया था।

4. जनवरी 2023 में काशी से शुरू होगी दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज सेवा यात्रा
• केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी और असम के डिब्रूगढ़ के बीच दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। उत्तर प्रदेश के काशी से दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज यात्रा 10 जनवरी, 2023 से शुरू होगी। वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक 3200 किमी का सफर करीब 50 दिनों में तय किया जाएगा। वाराणसी के रविदास घाट से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा विलास क्रूज के टाइम टेबल का विमोचन किया है।

5. युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने 2022 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की
• 14 नवंबर, 2022 को युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2022 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की है। वर्ष 2022 का मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार शरत कमल अचंता को दिया जाएगा खेल-कूद और गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 25 खिलाड़ी 2022 के अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करेंगे। पुरस्कार विजेता 30 नवम्बर, 2022 को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत की राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

6. 15-16 नवंबर को होगा तटीय रक्षा अभ्यास 'सी-विजिल 2022'
• 15-16 नवंबर, 2022 को पैन-इंडिया तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-22' का तीसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। ये दो दिवसीय विशाल सैन्य अभ्यास 7,516 किलोमीटर का समुद्र तटीय इलाके में होगा। इस पैन इंडिया रक्षा अभ्यास में तटरक्षक बल, महाराष्ट्र पुलिस, भारतीय तटरक्षक बल (ICG) और गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक की पुलिस के अलावा, सीमा शुल्क, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, मत्स्य पालन विभाग, महानिदेशालय

Resultuniraj.co.in

(शिपिंग), बंदरगाह प्राधिकरण, तेल संचालन एजेंसियां, महानिदेशालय के कर्मी और अन्य हितधारक शामिल होंगे।

7. कोच्चि में किया जा रहा नेत्रहीन फुटबॉल महिला एशियाई चैम्पियनशिप 2022 का आयोजन
• 11 से 18 नवंबर, 2022 तक केरल के कोच्चि में आईबीएसए नेत्रहीन फुटबॉल महिला एशियाई/ओशिनिया चैम्पियनशिप 2022 का आयोजन किया जा रहा है। केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने 12 नवंबर को इस चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया है।इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (IBSA)इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन की स्थापना 1981 में पेरिस, फ्रांस में हुई थी। यह गोलबॉल, जूडो और नेत्रहीन फुटबॉल के पैरालंपिक खेलों की शासी निकाय है।इसका मुख्यालय बॉन, जर्मनी में स्थित है। इटली के सैंड्रो डि गिरोलामो वर्तमान आईबीएसए अध्यक्ष हैं।

8. आसियान तिमोर-लेस्ते को अपने 11वें सदस्य के रूप में स्वीकार करने पर हुआ सहमत
•™दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) ने सैद्धांतिक रूप से तिमोर-लेस्ते को अपने 11वें सदस्य के रूप में स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की है। 11 नवंबर, 2022 को कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आयोजित आसियान के शिखर बैठक के बाद आसियान द्वारा इसकी घोषणा की गई। तिमोर- लेस्तेने 2011 में आसियान की सदस्यता के लिए आवेदन किया था
• तिमोर-लेस्ते को शुरू में एक उच्च स्तरीय आसियान बैठक में एक पर्यवेक्षक का दर्जा दिया जाएगा और इसे आसियान समूह का पूर्ण सदस्य बनने में वर्षों लगेंगे। वर्ष 1999 में कंबोडिया के आसियान में शामिल होने के बाद तिमोर-लेस्ते दो दशकों से अधिक समय में क्षेत्रीय समूह का पहला नया सदस्य होगा।

9. कोलकाता के श्लोक मुखर्जी ने जीता डूडल फॉर गूगल 2022 का खिताब
• हाल ही में गूगल ने गूगल फॉर डूडल 2022 प्रतियोगिता के विजेता की घोषणा की। इस वर्ष कोलकाता के श्लोक मुखर्जी को उनके प्रेरक डूडल के लिये 'इंडिया ऑन द सेंटर स्टेज' शीर्षक से भारत के लिये विजेता घोषित किया गया है। अपने डूडल को साझा करते हुए श्लोक ने लिखा, "अगले 25 वर्षों में मानवता की बेहतरी के लिये भारत के वैज्ञानिक, स्वदेशी इको-फ्रेंडली रोबोट विकसित करेंगे। भारत पृथ्वी से अंतरिक्ष तक की नियमित रूप से यात्रा करेगा। भारत योग एवं आयुर्वेद में अधिक विकास के साथ आने वाले वर्षों में और मज़बूत होगा।

10. प्रसिद्ध गणितज्ञ आर एल कश्यप का हुआ निधन
• हाल ही में प्रख्यात गणितज्ञ आर.एल. कश्यप का निधन हो गया है। आर एल कश्यप एक बहुआयामी व्यक्तित्व और महान विद्वान थे। उन्हें समृद्ध गणितीय और वैज्ञानिक ज्ञान था। उन्हें भारत की संस्कृति पर बहुत गर्व था। उन्होंने वैदिक अध्ययन में खुद को प्रतिष्ठित किया। भारत के साहित्य और शिक्षा क्षेत्र के तहत 2021 में उन्हें पद्म श्री पुरस्कार से नवाजा गया था।

Resultuniraj.co.in